PDF Compressor Free Version



# 3. आम की टोकरी



आ क

छह साल की छोकरी,
भरकर लाई टोकरी।

टोकरी में आम हैं,
नहीं बताती दाम है।



दिखा-दिखाकर टोकरी,
हमें बुलाती छोकरी।

हमको देती आम है,
नहीं बुलाती नाम है।

नाम नहीं अब पूछना,
हमें आम है चूसना।

© NCERT not to be republished

- बच्चों से बातचीत करें – क्या तुम किसी ऐसे बच्चे को जानते हो जो बाज़ार में कोई सामान बेचता है। पता लगाओ कि वह स्कूल जाता है या नहीं। यदि वह बच्ची/बच्चा स्कूल नहीं जाती/जाता है तो स्कूल में उसका नाम लिखवाने में तुम कैसे मदद करोगे?
- चित्र में लड़की आम बेचने का अभिनय कर रही है। बच्चों से अलग-अलग चीज़ों, जैसे – आम, नीबू, केला, गन्ना, मूँगफली, सेब और दवा की गोली को खाने का अभिनय करवाएँ।
- अभिनय के लिए कुछ और गतिविधियाँ सोचें तथा कक्षा में करवाएँ।





PDF Compressor Free Version

यह लड़की सिर पर क्या लेकर जा रही होगी? चित्र बनाओ।



© NCERT not to be republished

